चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 1099
दिनांक : 9/11/2022

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति–संख्या / गोप0 / 1000 दिनांक 19.10.2022 द्वारा **परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पीएड0 / एम0पी0एड0 / मेडिकल एवं पैरामेडिकल को छोड़कर)** के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया गया था कि जिन छात्र / छात्राओं की वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है, की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित शुल्क जमा कर आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है जिसकी अन्तिम तिथि 10.11.2022 थी:–

क्र0स0	विवरण	शुल्क
1.	ऐसे छात्र / छात्रा जो कालबाधित (TIME BARRED) की श्रेणी में नहीं आते है	रू0 1,500 /– प्रति कोड
2.	एक वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 /– प्रति कोड + रू 5,000 /– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क
3.	दो वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 /– प्रति कोड + रू 10,000 /– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क

एतद्द्वारा छात्र हित में विश्वविद्यालय द्वारा उक्त अन्तिम तिथि को दिनांक 30.11.2022 तक विस्तारित कर दिया गया है।

अतः उक्त श्रेणी में आने वाले समस्त विद्यार्थी जो छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे **विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर Student Section में जाकर "छूटे हुए practical/viva की फीस" लिंक पर क्लिक कर अपनी ऑनलाईन फीस जमा कराकर** उसका प्रिन्ट आउट निकाल कर सम्बन्धित महाविद्यालय से अपना आवेदन–पत्र अग्रसारित कराकर अंकतालिका, फीस का प्रिन्ट आउट एवं प्रवेश–पत्र की छायाप्रति सहित गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर अपना **आवेदन–पत्र दिनांक 30.11.2022 तक अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर यथासमय अलग से अपलोड की जायेगी।

09-11-2022
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को इस आशय से कि वह कालेज के सूचना पट्ट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों / संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।

09.11.2022
सहा0कुलसचिव (गोपनीय)